

# महाशिवरात्रि की धूम, शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## बैढ़न के शिवमंदिर सहित अन्य मंदिरों में रूद्राभिषेक और शिव-पार्वती विवाह का आयोजन, मोरवा थाना में भण्डारा कल



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 फरवरी। आज दिन रविवार को समूचे ऊर्जाधानी में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर काफी धूम रही। कल से ही भक्तों ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने की तैयारियां कर ली थी। जहां आज रविवार की सुबह से ही भक्त शिवालयों में पहुंच विधि-विधान पूर्वक भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करते हुए बिल्वपत्र,धतुरा, शमी, दूध, घी अर्पण कर विविध प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाते हुए भगवान शिव को रिझाने में लगे रहे। वहीं माथा टेककर अपने तथा परिवारजनों के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगा।**

दरअसल आज दिन रविवार को समूचे ऊर्जाधानी में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर काफी धूम देखी गयी। जहां लोग कल से ही भगवान शंकर के भजन-कीर्तन में लगे रहे। वहीं आज सुबह से ही शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान शिवालयों में भक्तों की भगवान भोले का दर्शन पाने लंबी कतारे देखी गयीं।

भक्त लाइन में खड़े होकर दर्शन पाने के लिए अपने बारी का इंतजार करते रहे। सुबह से लेकर देर रात्रि तक शिवालयों सहित घरों में लोगों ने भगवान शिव की पूजा आराधना में लगे रहे। जिला मुख्यालय बैढ़न के शिव धाम मंदिर, पुराने जिला अस्पताल परिसर में स्थित शिव मंदिर, इधर शिवधाम मंदिर बैढ़न में मंदिर के महाप्रबंधक ज्योतिषविद् पंडित डॉ.एनपी मिश्र के सानिध्य में कई लोगों ने रुद्राभिषेक किया एवं अनेकानेक भक्तजनों द्वारा भूत भावन भोलेनाथ की पूजा आराधना की गई। सायं शिव-पार्वती का विवाह और भजन मंडली के द्वारा रात्रि जागरण किया गया।

### मोरवा थाना प्रांगण के शिव मंदिर में अखंड मानस पाठ शुरू

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि के अवसर पर मोरवा थाना स्थित शिव मंदिर में आज दिन रविवार की सुबह एसडीओपी गौरव पाण्डेय आईपीएस ने थाना परिसर में बने शिव मंदिर में पहुंचकर रुद्राभिषेक किया। वही थाना प्रभारी निरीक्षक कपूर त्रिपाठी द्वारा सपरिवार विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर अखंड मानस पाठ शुरू किया गया। यह मानस पाठ 24 घंटे तक चलेगा। जिसके उपरांत 16 फरवरी को भंडारे का आयोजन किया गया हैं। जो शाम तक चलेगा। शिव रात्रि के इस पर्व में सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शिव की भक्ति में लीन दिखे।

### शिव मंदिर ग्रीन हॉट विंध्यनगर व बैढ़न में हुआ भण्डारा

कोतवाली परिसर बैढ़न एवं शिव मंदिर ग्रीन हॉट कॉलोनी विंध्यनगर में अखण्ड 24 घंटे का मानस भजन-कीर्तन हुआ। इस दौरान पूरा परिसर भगवान भोलेनाथ के भजन-कीर्तन से गूंजा रहा। आज दिन रविवार को विशाल भण्डारा एवं महा प्रसाद वितरण किया गया। इसके पूर्व शिव मंदिर ग्रीन हॉट कॉलोनी विंध्यनगर में थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी ने भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की। वहीं कोतवाली बैढ़न में टीआई अशोक सिंह परिहार ने भी शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद संकीर्तन व बैठकी कराई गई। इस दौरान अन्य पुलिस कर्मियों ने भी भगवान भोलेनाथ की भी पूजा-अर्चना की। हवन पश्चात दोनों शिव मंदिर के परिसर में महाप्रसाद एवं भण्डारा का आयोजन किया गया, जिसमें गणमान्य नागरिक समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी महाप्रसाद प्राप्त किये।



# सरई,महुआगांव,निवास,निगरी मार्ग पर ओवरलोड रेत और राखड़ वाहनों पर कार्रवाई

## तीन वाहन जब्त, एक का चालान, दस्तावेजों की गहन जांच

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार परिवहन विभाग एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान का लगातार पांचवें दिन संचालन किया गया।**

यह अभियान सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बंधा,पचौर,महुआगांव से होते हुए निवास और निगरी चौकी तक चलाया गया,जहां ओवरलोड एवं अवैध परिवहन करने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान सरई, महुआंव, निवास, निगरी मार्ग पर ओवरलोड रेत एवं राखड़ फ्लाई ऐश का परिवहन करते हुए 3 मालवाहक वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहनों को जप्त कर सुरक्षार्थ निवास चौकी में खड़ा कराया। जप्त किए गए वाहनों में एमपी 53 जेडजी 4006, एमपी 53 जेडडी 7772 एवं एमपी 66 एच 2078 शामिल हैं। इसके अतिरिक्त एक अन्य मालवाहक वाहन भी निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर संचालित पाया गया, जिसके विरुद्ध ऑनलाइन चालानी कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम द्वारा वाहनों के प्रदूषण प्रमाणपत्र, बीमा,फिटनेस,पंजीयन एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई।

## एक नजर में

### विंध्याचल में सीआईआई एचआर एक्सीलेंस आकलन हुआ



**सिंगरौली**. एनटीपीसी विंध्याचल में सीआईआई एचआर एक्सीलेंस आकलन का सफल समापन व्यापक ऑन साइट मूल्यांकन के साथ हुआ। इस दौरान वरिष्ठ नेतृत्व टीम तथा एचआर के प्रमुख आयामों,औद्योगिक संबंध, एचआरडी, कर्मचारी सहभागिता, कर्मचारी लाभ एवं पीएमएस के साथ-साथ मेडिकल, आईटी, सीएंडएम एवं पर्यावरण विभागों के साथ विस्तृत संवाद किया गया। आकलन दल का नेतृत्व दीपक ए. देशपांडे, वाइस प्रेसिडेंट टाटा बिजनेस एक्सीलेंस ग्रुप ने किया। टीम में उमेश दोशी वाइस प्रेसिडेंट कल्पत इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड,अंबर एच.नानावटी मानव संसाधन प्रमुख एलएंडटी सुश्री ऋषु रॉय प्रोफेसर, वैशव विद्यापीठ विश्वविद्यालय, सुश्री सोनाली बीराका शाह फाउंडर एंड डायरेक्टर, इम्पैक्ट सेतु एवं सुश्री सविता सावंत लीड सी एस आर/डी ई आई, टाटा ऑटोकोम्प सिस्टम्स जैसे वरिष्ठ उद्योग विशेषज्ञ शामिल रहे। टीम ने गहन समीक्षा करते हुए संगठन की प्रमुख शक्तियों एवं सुधार के संभावित क्षेत्रों पर महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। आकलन दल ने विंध्याचल में लागू प्रगतिशील एचआर प्रक्रियाओं, कर्मचारी सहभागिता पहलों, सुव्यवस्थित प्रणालियों तथा आत्मीय आतिथ्य की सराहना की।

इस अवसर पर एजे राजकुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ने रचनात्मक सुझावों के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि आकलन दल द्वारा दिए गए सुझावों को गंभीरता से अपनाया जाएगा, जिससे मानव संसाधन प्रणालियों को और सुदृढ़ कर उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रगति सुनिश्चित की जा सके।



# वार्ड 41 गनियारी चौरा टोला मार्ग की बदहाल हालत

## गड्ढों और उड़ती धूल से राहगीर परेशान, हादसों का बढ़ा खतरा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 फरवरी। नगर पालिका निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 41 गनियारी स्थित चौरा टोला मार्ग की हालत इन दिनों बेहद खस्ता हो चुकी है। गनियारी बस्ती के तिराहा से लेकर 14 टोला तक लगभग 200 मीटर सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है। वहीं कैलाश कॉलोनी मार्ग भी जगह-जगह से चिथड़े निकलने के कारण खतरनाक बन गया है। सड़क पर बने गहरे गड्ढे न सिर्फ आवागमन में बाधा बन रहे हैं, बल्कि आए दिन हादसों को भी आमंत्रण दे रहे हैं।**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क का डामरीकरण करीब पांच वर्ष पूर्व कराया गया था, लेकिन उसके बाद विभिन्न योजनाओं के तहत खुदाई कार्य ने सड़क की सूरत बिगाड़ दी। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि शिवरेज पाइपलाइन, गैस पाइपलाइन और अमृत जल योजना के कार्यों के दौरान सड़क को कई स्थानों पर काटा गया, लेकिन बाद में निर्धारित मापदंडों के अनुसार मरम्मत नहीं कराई गई। परिणामस्वरूप पूरी सड़क उखड़कर गड्ढों में तब्दील हो गई है। रोजाना इस मार्ग से स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और बाइक चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिन में तेज धूप के साथ सड़क पर उड़ती धूल ने हालात और खराब कर दिए हैं। धूल के गुबार से आसपास के घरों में रहने वाले लोग भी परेशान हैं और प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क का मरम्मत कार्य कराया जाये, ताकि गड्ढों से राहत मिले।

# खटाई पंचायत में जांच टीम की दबिश, वर्षों से अधूरे निर्माण कार्यों की खुली पोल

## जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर गठित पांच सदस्यीय टीम ने की बिंदुवार जांच, पंचायत में मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 15 फरवरी। चितरंगी जपं क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खटाई में बीते दिन शनिवार को उस समय हलचल मच गई, जब जिला पंचायत सीईओ जगदीश गोमे द्वारा गठित पांच सदस्यीय जांच टीम गांव पहुंची।**

खटाई पंचायत के सरपंच एवं निवासी विजय कुमार जायसवाल की शिकायत पर यह जांच कराई गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर शिकायत में दर्ज बिंदुओं की बिंदुवार जांच की, जिसमें आधा दर्जन से अधिक निर्माण कार्य वर्षों से अधूरे पाए गए। जांच के दौरान सामने आया कि कई निर्माण कार्य लगभग तीन साल पूर्व स्वीकृत हुए थे, लेकिन आज तक पूरे नहीं हो सके। ग्रामीणों के अनुसार चार साल पूर्व सरपंच एवं सचिव भगवान सिंह के कार्यकाल के दौरान कराए जाने थे, परंतु अधिकांश काम अधूरे ही छोड़ दिए गए। मौके पर जिन कार्यों की स्थिति देखी गई, उनमें से पीसीसी सड़क निर्माण खसरा क्रमांक 640, आंगनबाड़ी भवन के पास शोकपिट निर्माण, नोढ़िया आंगनबाड़ी शोकपिट, शांति धाम निर्माण कार्य खटाई सहित अन्य निर्माणाधीन कार्य शामिल हैं। इधर सूत्र बता रहे हैं कि हालांकि जांच के दौरान यह चर्चा भी रही कि टीम के कुछ सदस्य पूर्व सरपंच और तत्कालीन सचिव भगवान सिंह के पक्ष में नजर आ रहे थे। ग्रामीणों के बीच यह फुसफुसाहट चलती रही कि जांच कहीं औपचारिकता बनकर न रह जाए। लेकिन जांच टीम के मुखिया, अतिरिक्त जिला सीईओ जिला पंचायत ने मौके पर मौजूद पंचायत सचिव को कड़ी फटकार लगाई और स्पष्ट कहा कि आज तक यह कार्य पूरा क्यों नहीं हो पाया, उन्होंने अधूरे कार्यों की स्थिति पर नाराजगी जताई और संबंधित दस्तावेजों की जांच भी की। जांच के समय शिकायतकर्ता के साथ भारी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने टीम को मौके पर ले जाकर अधूरे कार्यों की वास्तविक स्थिति दिखाई। कई स्थानों पर निर्माण कार्य केवल कागजों में पूर्ण बताए गए थे, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही थी।




# चितरंगी पुलिस ने अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त किया

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 15 फरवरी। थाना चितरंगी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेही स्थित महान नदी से अवैध रूप से रेत उत्खनन कर परिवहन किए जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिना नंबर प्लेट के आईसर ट्रैक्टर से रेत लेकर भाग रहे चालक को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।**

पुलिस ने मौके से अवैध रेत लोड ट्रैक्टर जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक अशोक पिता अखिलेश गुर्जर निवासी ग्राम करथुआ 14 फरवरी को महान नदी से अवैध रूप से रेत चोरी कर परिवहन कर रहा था। चितरंगी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया है। पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं के अंतर्गत अवैध खनन एवं खनिज परिवहन के मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



# शिव मंदिर में अखंड मानस पाठ आरंभ

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 फरवरी। दशकों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए रामनवमी सेवा समिति सिंगरौली द्वारा शिवरात्रि के पावन अवसर पर मोरवा थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में रविवार सुबह विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर अखंड मानस पाठ का शुभारंभ किया गया।**



कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीओपी सिंगरौली गौरव पाण्डेय ने अपनी पत्नी जागृति अवस्ती के साथ पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर मोरवा थाना प्रभारी निरीक्षक कपूर त्रिपाठी सहित थाना स्टाफ, वरिष्ठ अधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंदिर प्रांगण में आयोजित अखंड मानस पाठ 24 घंटे तक निरंतर चलेगा। आयोजन के समापन पर सोमवार, 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया है, जो शाम 6 बजे तक चलेगा। शिवरात्रि के इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। रामनवमी सेवा समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# गैस पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे बने हादसों का कारण

## तीन महीने बाद भी मरम्मत नहीं, वार्डवासियों ने नगर निगम और संविदाकार पर लगाए गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 फरवरी। नगर पालिक निगम सिंगरौली क्षेत्र के करीब कई वार्डों में गैस पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे अब स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी और दुर्घटना का कारण बनते जा रहे हैं।**



वार्डवासियों का आरोप है कि पाइप लाइन डालने के बाद संविदाकार द्वारा सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे मोहल्लों की सड़के जगह-जगह क्षतिग्रस्त और खतरनाक स्थिति में हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार यह समस्या पिछले तीन महीनों से बनी हुई है, लेकिन अब तक जिम्मेदार संविदाकार और ननि के अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण बाइक चालक और अन्य वाहन चालक हमेशा डर के साये में सफर करने को मजबूर हैं। कई स्थानों पर रात के समय गड्ढे दिखाई नहीं देने से हादसे की आशंका और बढ़ जाती है। वार्डवासियों ने आरोप लगाया है कि ननि के अधिकारी संविदाकार पर मरम्मत कार्य पूरा कराने के लिए दबाव नहीं बना पा रहे हैं, जिससे संविदाकार लापरवाही बरत रहा है। लोगों का कहना है कि गैस पाइप लाइन का कार्य पूरा हुए महीनों बीत चुके हैं, लेकिन सड़क की स्थिति पहले से ज्यादा खराब हो गई है। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम प्रशासन से जल्द से जल्द सभी वार्डों में सड़कों की मरम्मत कराने और संविदाकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वार्डवासियों का कहना है कि यदि समय रहते गड्ढों को नहीं भरा गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नागरिको ने इस ओर निगमायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# प्राकृतिक खेती के साथ गौ पालन को भी अपनाए किसान : मिश्रा

## सिंगरौली कृषि विज्ञान मेले में सांसद ने की सहभागिता

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 फरवरी। मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सिंगरौली में कृषि विज्ञान मेले का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र देवरा में कृषि विभाग द्वारा किया जा रहा है।**



मेले के आयोजन में डॉक्टर राजेश मिश्रा सांसद सीधी सिंगरौली ने सहभागिता कर दीप प्रज्वलित कर आज के कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उद्घाटन उपरांत स्टालों का भ्रमण किया एवं कृषि से जुड़ी नवीन तकनीकी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही साथ किसानों को संबोधित करते हुए डॉ राजेश मिश्रा ने कहा रसायन मुक्त खेती ही विकल्प है प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। किसान भाई गौपालन का कार्य भी आगे बढ़ाएं,जिससे प्राकृतिक खेती में प्रयोग होने वाले अन्य सामग्री जैसे जीवामृत बीजामृत का निर्माण सरलता से लोकल स्तर पर प्राप्त किया जा सके ।

उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि कृषकों को मिल रही है जिससे खेती में सहयोग मिल रहा है। श्री अन्न का उत्पादन बढ़ाएं साथ ही महुआ का आजीविका मिशन के माध्यम से बड़े रूप में विस्तार कर लड्डू बनाने का कार्य किया जाए ।देवेश पाण्डेय अध्यक्ष नगर निगम ने कहा की किसान भारत की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है मौजूदा सरकार सिंचाई की व्यवस्था को सुद्रण कर रही है जिससे किसानों को अधिक से अधिक उत्पादन मिल सकें।



# दो बोलेरो की आमने-सामने टक्कर एक घायल, कोई जनहानि नहीं

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 फरवरी। गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चितावल कला में अंधे मोड़ पर दो बोलेरो वाहनों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई।**

जानकारी के अनुसार एक बोलेरो खटाई से शाहगंज उत्तर प्रदेश बारात लेकर जा रही थी, वहीं दूसरी बोलेरो अमिलिया से कुण्डवसानी धाम की ओर बच्चे की झालर मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी। अंधे मोड़ पर दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें बोलेरो चालक को मामूली चोटें आई जबकि एक बाराती का हाथ फ्रैक्चर हो गया। घटना की सूचना मिलते ही गढ़वा पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

# सरई तहसील में अवैध शराब का खुला खेल, आबकारी के जिम्मेदार बेखबर

## बोलेरो समेत अन्य वाहनों से गांव-गांव पहुंच रही शराब, वीडियो वायरल, आबकारी विभाग की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल, मिलीभगत की चर्चा तेज

नवभारत न्यूज

**सरई 15 फरवरी। स्थानीय तहसील सरई क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार इन दिनों चरम पर पहुंच गया है। गांव-गांव बोलेरो सहित अन्य चार पहिया वाहनों से भारी मात्रा में शराब पहुंचाई जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मामले से अनजान बने हुए हैं। क्षेत्र में खुलेआम हो रहे इस अवैध परिवहन ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।**

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक बोलेरो वाहन से बड़ी मात्रा में शराब उतारते हुए देखा जा सकता है। वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है और लोग खुले तौर पर कह रहे हैं कि यह अवैध कारोबार लंबे समय से चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह सब बिना किसी संरक्षण के संभव नहीं है और जिम्मेदार विभाग जानबूझकर आंखें मूंदे हुए हैं। सबसे बड़ा सवाल म.प्र. आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहा है। जिला स्तर से लेकर स्थानीय निरीक्षक तक इस गंभीर अवैध कारोबार पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि विभागीय मिलीभगत के कारण ही शराब माफिया बेखौफ होकर गांव-गांव अवैध शराब खपा रहे हैं। यह स्थिति कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। हालांकि बरका पुलिस ने आरोपी चालक से शराब जप्त कर कार्रवाई की है। परंतु आरोप है कि आबकारी अमला संरक्षण देख रखा है।



### अधिकांश गांव में पहुंच रही देशी-विदेशी शराब

अवैध शराब के इस बढ़ते कारोबार का सबसे ज्यादा असर युवा वर्ग और ग्रामीण समाज पर पड़ रहा है। कई युवा इसकी गिरफ्त में फंसकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। वहीं आदिवासी क्षेत्रों में भी शराब की खपत तेजी से बढ़ी है, जिससे सामाजिक और पारिवारिक समस्याएं गहराती जा रही हैं। शराब के सेवन के कारण आए दिन सड़क हादसे भी बढ़ रहे हैं, जिससे लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस अवैध कारोबार पर रोक नहीं लगाई गई तो स्थिति और भयावह हो सकती है। अब देखना यह होगा कि आबकारी के जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मामले में कब तक चुप्पी साधे रहते हैं या फिर कोई ठोस कार्रवाई कर अवैध शराब माफियाओं पर शिकंजा कसते हैं।